पैगंबर मुहम्मद के साथी: ज़ायद इब्न थाबित

रेटिंग:

विवरण: ????? ?? ????? ??????? ??????? ?? ???? ?? ?????????? ?? ?? ????????? ?????

श्रेणी: पाठ > पैगंबर मुहम्मद > उनके साथी

द्वारा: Aisha Stacey (© 2014 IslamReligion.com)

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य:

- ज़ायद इब्न थाबित के जीवन और किसी भी परिस्थिति का लाभ उठाने की उनकी क्षमता के बारे में जानना।

अरबी शब्द:

- *?????* - मददगार। मदीना के वो लोग जिन्होंने मक्का से आये पैगंबर मुहम्मद और उनके अनुयायियों के लिए अपने घर, जीवन और शहर के द्वार खोल दिए थे।

- *????* - क़ुरआन का अध्याय।

- *???????* - एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास करना। इस्लाम में, हिज्राह मक्का से मदीना की ओर पलायन करने वाले मुसलमानों को संदर्भित करता है और इस्लामी कैलेंडर की शुरुआत का भी प्रतीक है।

- *?????*- वह किताब जिसमें क़ुरआन निहित है।

- *???* - याचना, प्रार्थना, अल्लाह से कुछ मांगना।

- *?????* - "सहाबी" का बहुवचन, जिसका अर्थ है पैगंबर के साथी। एक सहाबी, जैसा कि आज आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग किया जाता है, वह है जिसने पैगंबर मुहम्मद को देखा, उन पर विश्वास किया और एक मुसलमान के रूप में मर गया।

माना जाता है कि ज़ायद इब्न थाबित लगभग बारह या तेरह वर्ष के रहे होंगे जब पैगंबर मुहम्मद ने मदीना हिज्राह किया था। वह चालाक थे, अच्छी तरह से शिक्षित और अपने परिवार द्वारा समर्थित थे, लेकिन जब उन्हें युद्ध में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई तो उन्हें सदमा लगा। उनकी प्रतिक्रिया क़ुरआन[1] का अध्ययन करना था और इस तरह अपने पैगंबर के लिए अपनी योग्यता साबित करना। उनकी इस्लामी और धर्मनिरपेक्ष शिक्षा ने उन्हें अच्छी स्थिति में रखा और वास्तव में पैगंबर के आसपास के लोगों के आंतरिक घेरे में स्थान दिलाया। हम जब भी क़ुरआन को अपने हाथों में रखते हैं तो हमारे पास ज़ायद इब्न थाबित को याद करने का कारण होता है क्योंकि वो वह व्यक्ति थे जिसने क़ुरआन के सभी छंदों और अध्यायों के संग्रह का निरीक्षण किया और उन्हें मुसहफ नामक एक पुस्तक में रखा।

जायद इब्न थाबित पहली बार पैगंबर की नजर में मुस्लिम समुदाय के मदीना प्रवास के एक साल बाद आये। जायद एक युवा किशोर थे और अंसार थे। जब मुसलमान बद्र की लड़ाई की तैयारी कर रहे थे, जायद ने भी युद्ध मे भाग लेने कि इच्छा प्रकट किया। वह एक तलवार लिए हुए थे जो लगभग उतनी ही लंबी थी जितनी उनकी लंबाई थी और वह उतनी अच्छी तरह से शारीरिक रूप से विकसित नही थे जितना कि कुछ अन्य लड़के थे जो पहले से ही सेना के साथ प्रशिक्षण ले रहे थे। पैगंबर ने उनके उत्साह को पहचाना और उनके साथ बहुत सम्मान के साथ व्यवहार किया लेकिन उन्हें सेना में शामिल करने से मना कर दिया। जायद उदास, क्रोधित और दुखी महसूस कर रहा थे। ज़ायद ने दुख में डूबने के बजाय कुछ ऐसा करने का फैसला किया जो पैगंबर को खुश करता था। उन्होंने क़ुरआन, अल्लाह के शब्दों का अध्ययन और सीखना शुरू किया।

जब अगली बार उहुद की लड़ाई में मुसलमानों के अपने सबसे बड़े दुश्मन का सामना करने का समय आया, तो ज़ायद की सेना में शामिल होने की कोशिश को एक बार फिर उनकी कम उम्र के कारण खारिज कर दिया गया। इस बार भी उनके परिवार ने उनके दर्द को महसूस किया और पैगंबर मुहम्मद से संपर्क करने और उन्हें जायद के क़ुरआन के अध्ययन के बारे में बताने का फैसला किया। अंसार के कुछ लोगों ने पैगंबर मुहम्मद से संपर्क किया और जायद के असाधारण गुणों जैसे क़ुरआन के प्रति समर्पण और पढ़ने और लिखने की उनकी क्षमता के बारे में बताया। उन्होंने सम्मानपूर्वक पैगंबर मुहम्मद से ज़ायद का पाठ सुनने के लिए कहा।

पैगंबर ने जो सुना और उसे पसंद किया, और जायद की साक्षरता से प्रभावित हुए जो उस समय एक दुर्लभ कौशल था; पैगंबर मुहम्मद खुद एक अनपढ़ व्यक्ति थे। पैगंबर मुहम्मद ने जायद के ज्ञान के उपहार को भी मान्यता दी और उन्हें हिब्रू और सिरिएक सीखने का निर्देश दिया। जब वह कुशल हो गए तो उन्होंने पैगंबर मुहम्मद को उनके पत्राचार में सहायता की, जिसमें राज्य के प्रमुखों को पत्र भेजना शामिल था जो उन्हें इस्लाम के रास्ते में आमंत्रित करते थे।

पैगंबर मुहम्मद के पास कई शास्त्री थे लेकिन यह जायद ही थे जो तेजी से प्रमुखता की ओर बढ़े। जैसे ही अल्लाह के शब्द प्रकट होते, पैगंबर मुहम्मद एक शास्त्री को शब्दों को लिखने के लिए बुलाते और पैगंबर जैसे जैसे बोलते शास्त्री वैसे-वैसे ही लिखता। कई सहाबा ने बताया कि उन्होंने अक्सर पैगंबर को ये कहते सुना कि ज़ायद को "तख्ती, स्याही और स्कैपुला की हड्डी लाने के लिए कहो।"[2]

हिज्राह के पांच साल बाद, खाई की लड़ाई तक ज़ायद किसी सैन्य अभियान में भाग लेने की अपनी इच्छा को पूरा नही कर पाए थे। अब वह अधिक परिपक्व, अधिक अनुभवी और उस रहस्योद्घाटन में पारंगत थे जो पैगंबर मुहम्मद (उन पर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) पर प्रकट होता था। ज़ायद की योजना इस्लाम के लिए एक सेनानी बनने की थी लेकिन अल्लाह की योजना कुछ और थी। हम जो चाहते हैं वह हमेशा हमारे लिए अच्छा या सबसे अच्छी चीज नहीं होता है। यह आज भी उतना ही सच है जितना तब था। जब कोई व्यक्ति इस्लाम में परिवर्तित हो जाता है, तो उसके पास ऐसा करने, या वह करने के लिए बहुत अच्छी योजनाएं हो सकती हैं, लेकिन अक्सर उनकी योजनाएं हर मोड़ पर विफल हो जाती हैं।

"...हो सकता है कि कोई चीज़ तुम्हें अप्रिय हो और वही तुम्हारे लिए अच्छी हो और इसी प्रकार सम्भव है कि कोई चीज़ तुम्हें प्रिय हो और वह तुम्हारे लिए बुरी हो। अल्लाह जानता है और तुम नहीं जानते।" (क़ुरआन 2:216)

ज़ायद की योजनाएं उस तरह से पूरी नहीं हुईं, जैसा वह चाहते थे, लेकिन वह धैर्यवान थे और उन्होंने वह करने की कोशिश की जो उन्होंने सोचा था कि पैगंबर मुहम्मद और अल्लाह सर्वशक्तिमान को खुश करेगा। उन्होंने क़ुरआन को याद किया, उन्होंने इस्लाम का अध्ययन किया, उन्होंने पैगंबर मुहम्मद के लिए एक दुभाषिया और शास्त्री के रूप में लगन से काम किया और कुछ ही वर्षों में वह युद्ध में भाग लेने में सक्षम हो गए। हालांकि जायद का इस्लाम के लिए सबसे बड़ा काम अभी आना बाकी था। हर दिन जब आप अपने हाथों में मुसहफ को पकड़ते हैं तो शायद आप जायद इब्न थाबित के लिए कुछ दुआ कर सकते हैं, क्योंकि वही थे जिन्होंने क़ुरआन को एक पांडुलिपि में इकट्ठा किया था।

पैगंबर मुहम्मद की मृत्यु के समय, कई मुसलमानों के पास क़ुरआन के टुकड़ों को भरोसे पर रखा गया था। कुछ के पास केवल कुछ पन्ने थे जिनसे वे पढ़ना सीख रहे थे, दूसरों के पास कई अध्याय थे और दूसरों के पास छाल या जानवरों की खाल के टुकड़े थे जिन पर केवल एक छंद लिखा था।

पैगंबर मुहम्मद के बाद मुसलमानों के नेता अबू बक्र को डर था कि क़ुरआन खो जाएगा, इसलिए उन्होंने क़ुरआन को एक किताब में संकलित करने के बारे में कुछ सहाबा से सलाह ली। उन्होंने ज़ायद इब्न थाबित को इस कार्य को करने के लिए कहा। सबसे पहले, ज़ायद ने क़ुरआन के साथ कुछ ऐसा करने के बारे में असहज महसूस किया जिसे पैगंबर मुहम्मद ने विशेष रूप से अधिकृत नहीं किया था।

हालांकि कार्य की आवश्यकता को महसूस करने के बाद वह क़ुरआन के टुकड़े, लिखित और कंठस्थ दोनों को इकट्ठा करने और एक पुस्तक मुसहफ को संकलित करने के लिए सहमत हुए।

ज़ायद को पूरा क़ुरआन याद था और उनके लिए यह संभव होता कि वो पूरी क़ुरआन को अपनी याद से ही लिखा लेते। हालांकि, उन्होंने सिर्फ इसी तरीके का उपयोग नहीं किया। वह बहुत सावधान और विधिपूर्वक थे और किसी भी छंद को तब तक नहीं लिखते थे जब तक कि उनकी पुष्टि कम से कम दो सहाबा द्वारा न की गई हो। क्योंकि ज़ायद को सेना में शामिल होने से रोक दिया गया था, उन्होंने अल्लाह की किताब में शरण ली और इस तरह क़ुरआन के संरक्षकों में से एक बन गए।

“वास्तव में, हमने ही ये शिक्षा (क़ुरआन) उतारी है और हम ही इसके रक्षक हैं।” (क़ुरआन 15: 9)

ज़ायद अल्लाह के शब्दों के ज्ञानी और पैगंबर मुहम्मद के करीबी साथी थे; उस समय और आज के समय दोनों के लिए रोल मॉडल। ज़ायद का बहुत सम्मान किया जाता था और उन्हें अच्छी तरह से याद रखा जाता था। ऐसा कहा जाता है कि उमर इब्न अल-खत्ताब ने एक बार मुसलमानों को संबोधित करते हुए कहा था, "ऐ लोगों, जो क़ुरआन के बारे में पूछना चाहते हैं, उन्हें जायद इब्न थाबित के पास जाने के लिए कहो।" सहाबा में से ज्ञान प्राप्त करने वाले और उनके बाद आने वाली पीढ़ी ज़ायद के ज्ञान से लाभ उठाने के लिए दूर-दूर से उनके पास आते थे। जब 660 और 665 सीई के बीच ज़ायद की मृत्यु हुई, तब सहाबी अबू हुरैरा ने कहा, "आज, इस उम्मत के विद्वान की मृत्यु हो गई है।”

फुटनोट:

[1] क़ुरआन अल्लाह के शब्द हैं जैसा कि पैगंबर मुहम्मद को महादूत जिब्रील ने बताया था।

[2] ???? ??????

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/267

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।